# Commercial Engineers & Body Builders Co. Limited

...bodies in motion ...

CIN-L28100MP1979PLC049375

Regd. Office: 48, Vandana Vihar, Narmada Road, Gorakhpur, Jabalpur (M.P.) INDIA
Email Id – cs@cebbco.com, Website – www.cebbco.com, Tel- 07612661336


**Date - 17.08.2021**

To,

The Secretary,
Bombay Stock Exchange Limited,
25th Floor, P J Towers,
Dalal Street,
**MUMBAI – 400 001**
**Fax No. 022 2272 2061/022 2272 2041**

The Secretary
National Stock Exchange of India Ltd
Exchange Plaza, 5th Floor, Plot No C/1 G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East)
**Mumbai 400051**
**Fax No. 022-2659 8237/38, 66418124/25/26**

**Sub:- Newspaper Publication for Registration of Email ID for serving of Notice of Annual General Meeting / Annual Report for the F.Y. 2020-21 to be held through Video Conferencing / Other Audio Visual Means**

Ref :- Scrip Code 533272 NSE :- CEBBCO

Dear Sir / Madam,

We have published a Notice for Registration of Email IDs, requesting the shareholders holding shares in Demat / physical mode to get their email ids registered with their concerned DP / RTA if not registered earlier for the purpose of sending notice in relation to the Annual General Meeting / Annual Report for the Financial Year 2020-21, extract/ copy of the same published in Raj Express and Financial Express Newspaper on 17.08.2021 is attached for your reference.

Please note, notice of the Ensuing Annual General Meeting / Annual Report for the F.Y. 2020-21 of the company will be sent by e-mail to only those members whose e-mail IDs are registered with respective Depository Participants / Company as on the cut-off date.

Please find enclosed herewith a copy of the paper cutting of the same.

This for your intimation and record

**For Commercial Engineers & Body Builders Co Limited**

**Deepesh Kedia**
**Company Secretary**

**Encl as above**

## एक्सप्रेस न्यूज

### इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो 18 अगस्त से राजधानी में

**नईदिल्ली ।** इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो राजधानी में 18 अगस्त से किया जा रहा है जिसमें 15 देशों से 100 से अधिक विश्वस्तरीय कंपनियां फायरआर्म्स, ड्रोन्स, बुलेट प्रूफ जैकेट, साइबर सिक्योरिटी, मोबाइल फोरेंसिक, काउन्टर ड्रोन, आर्मर्ड व्हीकल आदि में इनोवेशन्स पेश करेंगी, जिन्हें 2000 से अधिक पुलिस एवं रक्षा कर्मियों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इसके आयोजक नेक्सजेन एक्ज़ीबिशन्स ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस दो दिवसीय एक्सपो में 15 देशों से 100 से अधिक कंपनियां हिस्सा लेंगी। इनमें इनडोइंग्स, फोस्टर प्लस फ्रीमैन, अप्लाईड कॉन्सेप्ट्स इंक, बायोनिक 8 एनालिटिक्स लिमिटेड, सेलेब्राईट, रैन्डॉक्स टेक्नोलॉजी, क्रेडेन्स सिक्योरिटी, साइबर आरोमोर, कल्याणी ग्रुप, टाटा अडवान्स्ड सिस्टम्स, अदानी डिफेन्स/ पीएलआर सिस्टम्स, सीएए इज़रायल आदि शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि महामारी के चलते पुलिस एवं कानून प्रवर्तन एजेन्सियों की भूमिका पूरी तरह बदल गई है। महामारी की शुरूआत के बाद से भारतीय पुलिस एवं केन्द्रीय सशस्त्र बल अपने आप में ज़रूरी बदलाव लाए हैं ताकि वे समय की मांग को ध्यान में रखते हुए अपना कर्तव्य निभा सकें। राष्ट्रीय सुरक्षा, सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। महामारी के बाद नए दौर के संगठित अपराध का चलन तेज़ी से बढ़ा है। ऐसे में पुलिस के सामने साइबर सिक्योरिटी एवं निगरानी को लेकर नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं, क्योंकि आधुनिक हथियार अपराधियों और आतंकियों के पहुंच में हैं। इस तरह की चुनौतियां देश की भीतरी सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हो सकती हैं। इसी के मद्देनज़र छठा अन्तर्राष्ट्रीय पुलिस एक्सपो आधुनिक शस्त्र, तकनीकें एवं उपकरण पेश करने जा रहा है, जो आज भारतीय पुलिस एवं केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के लिए जरूरी हैं।

### एक महीने से पेट्रोल की कीमतें यथावत

**नईदिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में जारी गिरावट के बीच देश में एक महीने से पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत है। तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, सोमवार को दिल्ली में पेट्रोल 101.84 रुपये और डीजल 89.87 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। देश के दूसरे शहरों में भी पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर रही है। इंटरनेशनल एजर्नी पर नजर रखने वाला संगठन एनर्जी इंर्फोमेशन एडमिनिस्टेशन का कहना है कि कोविड–19 का फिर से विस्तार घातक हो रहा है। कोविड-19 के डेल्टा वैरिएंट की वजह से पुरी दुनिया में तेल की मांग नहीं बढ़ रही है। इसके बाद से ब्रेंट क्रूड टूट रहा है। आज ब्रेट क्रूड 1.05 प्रतिशत गिरकर 69.85 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 1.11 प्रतिशत उतरकर 67.68 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

### पेटेंट विवाद में एप्पल को ऑप्टिस को 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान करना चाहिए : अमेरिकी जूरी

**सैन फ्रांसिस्को ।** अमेरिका में एक जूरी ने फैसला किया है कि एप्पल को पेटेंट विवाद में ऑप्टिस वायरलेस टेक्नोलॉजी को 30 करोड़ डॉलर का भुगतान करना चाहिए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विचाराधीन पांच पेटेंट कभी सैमसंग, पैनासोनिक और एलजी के थे और ऑप्टिस द्वारा प्राप्त किए गए थे। रिपोर्ट में बताया गया, टेक्सास में एक जूरी ने ऑप्टिस वायरलेस और उसकी कंपनियों के समूह को नुकसान में 300 मिलियन डॉलर का भुगतान किया, जिसका भुगतान एप्पल ने किया है क्योंकि इसके आईफोनस, आईपैड और वॉच में 4जी-एलटीई तकनीक को ऑप्टिस के संचार पेटेंट का उल्लंघन माना गया है। एप्पल के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि ऑप्टिस कोई उत्पाद नहीं बनाती है। इसका एकमात्र व्यवसाय पेटेंट का उपयोग करने वाली कंपनियों पर मुकदमा करना है। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, हम उनके द्वारा हासिल किए गए पेटेंट के लिए अनुचित भुगतान निकालने के उनके प्रयासों के खिलाफ बचाव करना जारी रखेंगे। एप्पल के अनुसार, ऑप्टिस मुकदमा करने वाली कंपनियों जैसे टेस्ला,हुवावे और जेडटीई के अलावा और कुछ नहीं करती है। ऑप्टिस ने दावा किया कि एप्पल अपने पेटेंट किए गए डिजाइनों के लिए उचित रॉयल्टी दर देने को तैयार नहीं है।

# कोरोना की दूसरी लहर से उबर पटरी पर आ रही है अर्थव्यवस्था : सीतारमण

## सभी प्रमुख आर्थिक संकेतों से ऐसे प्रमाण मिल रहे हैं, विनिर्माण गतिविधियों में तेजी आने लगी

**नई दिल्ली ।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर के उबर कर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पटरी पर आ रही है। श्रीमती सीतारमण ने यहां संवाददाताओं से कहा कि कोरोना की दूसरी लहर से अर्थव्यवस्था में सुधार पर असर पड़ा था लेकिन अब फिर से यह पटरी पर लौट रही है। सभी प्रमुख आर्थिक संकेतों से ऐसे प्रमाण मिल रहे हैं। खुदरा महंगाई छह फीसदी से नीचे आ गयी है और बिजली की खपत बढ़ गयी है। विनिर्माण गतिविधियों में तेजी आने लगी है। कोरोना के कारण प्रभावित मांग को गति देने के लिए उपाय किये जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इसके लिए पहले ही व्यवस्था की जा चुकी है।



छोटे छोटे शहरों के कारोबारियों को सुगमता से डेढ़ लाख रुपये तक ऋण दिये जाने के उपाय किये गये हैं जिससे मांग बढ़ाने में मदद मिल रही है। इसके बाद ही वेतनभोगियों के वेतन आदि में बढोतरी की गयी है। कारोबारी सुगमता से जुड़े एक सवाल पर उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने जिस गति से इस दिशा में काम किया है राज्य उस गति से काम नहीं किये हैं जिसके कारण लक्षित परिणाम पाने में कुछ कठिनाइयां आ रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर पहली मांग होती है और मोदी सरकार ने इस दिशा में इंफ्रास्ट्रक्चर प्लान के साथ साथ मास्टर प्लान भी तैयार किया है जिससे बड़े बड़े औद्योगिक क्षेत्रों को बंदरगाह और हवाई अड्डे से जोड़ने पर जोर दिया गया है। जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने के बारे में पूछे जाने पर वित्त मंत्री ने कहा कि इस संबंध में पहले भी जीएसटी परिषद की बैठकों में चर्चा हुयी थी लेकिन अभी कोई निर्णय नहीं हो पाया है। कोरोना के कारण अभी ऐसा होता दिख नहीं रहा है लेकिन अब शीघ्र ही जीएसटी परिषद की बैठक होगी। अभी तिथि तय नहीं की गयी है।

### रिटर्न भरने के पोर्टल की समस्याएं एक दो दिन में हो जाएंगी हल

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि ऑनलाइन आयकर रिटर्न भरने वाले नये पोर्टल पर आ रही समस्यायें एक दो दिन में दूर हो जायेगी। श्रीमती सीतारमण ने यहां संवाददाताओं से कहा कि जून में जब इस पोर्टल को लाँच किया गया था तब कुछ समस्यायें आयी थी और उसके बाद इस पोर्टल का संचालन करने वाली कंपनी इंफोसिस से संपर्क कर इसे दूर करने के लिए कहा गया था। राजस्व सचिव साप्ताहिक आधार पर इसका निगरानी कर रहे हैं और इस संबंध में इंफोसिस के नंदन निलेकणि ने भी प्रस्तुति दी थी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में करदाताओं के भी कई सुझाव आये और उन्होंने पुराने पोर्टल को ही बहाल करने की अपील भी की लेकिन ऐसा नहीं किया जा सकता था क्योंकि नये पोर्टल पर जो व्यवस्थायें की गयी है वे पुराने पर नहीं है। वित्त मंत्री ने कहा कि इस संबंध में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट से भी संपर्क किया गया था। अब एक दो दिनों में सभी समस्यायें दूर हो जायेंगी।

## निफ्टी रेकॉर्ड के नए शिखर पर

**मुंबई ।** रिलायंस इंडस्ट्रीज बजाज फाइनेंस तथा टाटा स्टील जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लाभ से सोमवार को बीएसई सेंसेक्स 145 अंक की बढ़त के साथ अपने नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 145.29 अंक या 0.26 प्रतिशत के लाभ से 55,582.58 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान इसने 55,680.75 अंक का अपना सर्वकालिक उच्चस्तर भी छुआ।

इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी कारोबार की समाप्ति पर 33.95 अंक या 0.21 प्रतिशत के लाभ से 16,563.05 अंक के अपने नए रेकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 16,589.40 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर तक गया। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील का शेयर सबसे अधिक करीब 4 प्रतिशत चढ़ गया। बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी लाभ में रहे। दूसरी ओर मारुति, बजाज ऑटो, पावरग्रिड और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में गिरावट आई।

रिलायंस सिक्योरिटीज के रणनीति प्रमुख विनोद मोदी ने कहा, 'प्रमुख सूचकांक आज लाभ में रहे। जबकि मिडकैप और स्मॉलकैप दबाव में रहे।' उन्होंने कहा कि धातु शेयरों में तेजी तथा वित्तीय सेवा कंपनियों के शेयरों में लाभ से निफ्टी को फायदा मिला। अन्य एशियाई बाजारों में हांगकांग के हैंगसेंग, जापान के निक्की तथा दक्षिण कोरिया के कॉस्पी में नुकसान रहा।

## थोक महंगाई जुलाई में 11 .16 प्रतिशत पर पहुंची

### जुलाई 2021 में मुद्रास्फीति की उच्च दर के मुख्य रूप से कम आधार प्रभाव रहा

**नई दिल्ली।** खाद्य उत्पादों की कीमतों में नरमी, प्राथमिक वस्तुओं ने क्रमिक रूप से भारत की जुलाई 2021 की थोक मुद्रास्फीति में गिरावट दर्ज की गई है।

थोक मूल्यों पर आधारित मुद्रास्फीति की वार्षिक दर पिछले महीने बढ़कर 11.16 प्रतिशत हो गई, जो जून में 12.07 प्रतिशत थी। हालाँकि, साल-दर-साल के आधार पर वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) डेटा जुलाई 2020 में तेजी से बढ़ी थी। जुलाई 2020 में महंगाई दर माईनस0.25 फीसदी थी। इंडेक्स नंबर्स द होलसेल प्राइस इन इंडिया की समीक्षा ने कहा,मुद्रास्फीति की वार्षिक दर



जुलाई, 2021 (जुलाई, 2020 से अधिक) के लिए 11.16 प्रतिशत (अनंतिम) है, जबकि जुलाई, 2020 में 0.25 प्रतिशत की तुलना में। जुलाई 2021 में मुद्रास्फीति की उच्च दर के मुख्य रूप से कम आधार प्रभाव रहा है। कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की कीमतों में वृद्धि, खनिज तेल, मूल धातु जैसे निर्मित उत्पाद, खाद्य उत्पाद, कपड़ा,रसायन और रासायनिक उत्पाद, आदि पिछले वर्ष के इसी महीने कम रहा है। क्रमिक आधार पर, प्राथमिक वस्तुओं पर खर्च, जो कि थोक मूल्य सूचकांक के कुल भार का 22.62 प्रतिशत है, जून 2021 में 7.74 प्रतिशत की तुलना में 5.72 प्रतिशत की धीमी दर से बढ़ा है।

इसी तरह, खाद्य पदार्थों की कीमतें जून में 6.66 प्रतिशत की तुलना में धीमी दर से 4.46 प्रतिशत बढ़ी है। साल-दर-साल आधार पर, ईंधन और बिजली श्रेणी की लागत में माइनस9.84 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले 26.02 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसके अलावा, विनिर्मित उत्पादों की श्रेणी की लागत 0.59 प्रतिशत के मुकाबले 11.20 प्रतिशत बढ़ी है।

## बाजार समीक्षा

### राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन घोषणा के बाद आई अच्छी खबर

# जुलाई में पाम तेल आयात 43 फीसदी घटा

**इंदौर।** जुलाई में पाम तेल आयात 43.55 प्रतिशत घटकर 4.65 लाख टन रहा, जो पिछले साल जुलाई में 8.24 लाख टन हुआ था। सॉलवेंट एक्सट्रैक्टर्स एसो. के अनुसार आयात घटने का कारण उच्च घरेलू स्टॉक है। पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री मोदी ने दाल-खाद्य तेलों मामले में देश को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन ऑयल पाम मिशन की घोषणा की थी और इसमें 11 हजार करोड़ रु से अधिक के निवेश का ऐलान किया था।

कुल खाद्य तेल आयात जुलाई में 37 प्रतिशत घटकर 9.17 लाख टन रहा, जो गत वर्ष 15.17 लाख टन था। कुल खाद्य तेल आयात में पाम तेल की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से अधिक है। सरकार ने 30 जून को आरबीडी पामोलीन और पाम तेल के अप्रतिबंधित आयात को दिसंबर तक जारी रखने का फैसला किया था। एसईए ने इसे घरेलू रिफाइनर्स और तिलहनों के लिए नुकसानदायक बताया है। एसईए ने कहा इस फैसले से साउथ एशियन फ्री ट्रेड एरिया (साफ्टा) एग्रीमेंट के तहत नेपाल, बांग्लादेश से शून्य ड्यूटी पर रिफाइड तेलों के आयात के लिए दरवाजे खुल जाएंगे। पाम तेल उत्पादों में कच्चे पाम तेल का आयात इस साल जुलाई में घटकर 4.51 लाख टन रह गया, जो एक साल पहले 8.20 लाख टन था। हालांकि इस साल जुलाई में आरबीडी पामोलीन आयात 13895 टन रहा, जो एक साल पहले समान अवधि में शून्य था। सोया तेल आयात भी जुलाई में घटकर 3.79 लाख टन रहा, जो गत वर्ष 4.84 लाख टन रहा था। सूरजमुखी तेल आयात घटकर 71838 टन रहा, जो एक साल पहले समान अवधि में 2.08 लाख टन था। 1 अगस्त तक देश में कुल खाद्य तेलों का स?टॉक 16.95 लाख टन था, जिसमें से 11.10 लाख टन का पाइपलाइन में रहने का अनुमान है।

### आभासी मुद्राओं को विनियमित किया जायेगा : सीतारमण

**नईदिल्ली ।** देश में अब तक बिटक्वाइन जैसी आभासी मुद्राओं को वैधानिक मान्यता नहीं दिये जाने के बीच अब सरकार इन मुद्राओं को विनियमित करने की तैयारी कर रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज यहां संवाददाताओं से कहा कि इस तरह की मुद्राओं को विनियमित करने के उद्देश्य से कानून बनेगा। उल्लेखनीय है कि सरकार के साथ ही रिजर्व बैंक ने भी इस तरह की मुद्राओं को देश में वैधानिक मान्यता नहीं दी है लेकिन ऑनलाइन इसकी खरीद फरोख्त हो रही है। कई ऐसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म हैं जो लोगों को इनमें निवेश करने की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। आभासी मुद्राओं की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुये ही रिजर्व बैंक ने वर्चुअल मुद्रा जारी करने की भी बात कही थी लेकिन अब तक यह जारी नहीं हो सकी है।

## तमिलनाडु द्वारा गन्ना किसानों 150 रु प्रति टन विशेष प्रोत्साहन की घोषणा

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने गन्ना किसानों को प्रति टन 150 रु का विशेष प्रोत्साहन देने की घोषणा की है। इसके साथ ही सामान्य और ग्रेड-ए किस्मों के धान खरीद के लिए प्रोत्साहन मूल्य में वृद्धि की घोषणा की है।

ग्रेड-ए किस्मों की खरीद 2060 रुपये और सामान्य किस्मों की 2015 रुपये क्विंटल खरीद दर से की जाएगी। वहीं गन्ना उत्पादकों को ष्विशेष प्रोत्साहन के रूप में 150 रुपये प्रति टन की घोषणा की। विधानसभा में अपने भाषण के दौरान कृषि मंत्री एमआरके. पन्नीरसेल्वम ने कहा किए जहां केंद्र सरकार ने ग्रेड-ए किस्मों के लिए 1960 प्रति क्विंटल और सामान्य किस्मों के लिए 1940 प्रति क्विंटल तय किया था, वहीं तमिलनाडु सरकार ने 2021-22 के लिए ग्रेड के लिए धान खरीद के लिए प्रोत्साहन मूल्य 70 से बढ़ाकर 100 क्विंटल व सामान्य किस्मों के लिए 50 से 75 रु कर दिया। विशेष धान उत्पादन योजना के तहत फसल कटाई बाद के नुकसान को कम करने के लिए किसानों को तिरपाल उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह योजना केंद्र व राज्य सरकार के फंड से 52.02 करोड़ रु के परिव्यय पर लागू की जाएगी। गन्ना किसानों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए सरकार ने विशेष प्रोत्साहन के रूप में एक टन गन्ना के लिए 150 स्वीकृत करने का निर्णय लिया था। पन्नीरसेल्वम ने कहा यह मदद 2020-21 सत्र के लिए गन्ना आपूर्ति करने वाले किसानों के खातों में सीधे जमा होगी।

**कामर्शियल इंजीनियर्स एंड बॉडी बिल्डर्स कं. लिमिटेड**
रजि.ऑफिसः 48, वंदना विहार, नर्मदा रोड, गोरखपुर, जबलपुर (म.प्र.) इंडिया
सीआईएन : L28100MP1979PLC049375
दूरभाष नं. :07612661336, ईमेल : cs@cebbco.com, वेबसाइट : www.cebbco.com

**सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कामर्शियल इंजीनियर्स एंड बॉडी बिल्डर्स कं. लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों की **41वीं वार्षिक आम सभा ("एजीएम")** मंगलवार, 28 सितंबर 2021 को दोपहर 01:00 बजे भारतीय मानक समय में वीसी / ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जाएगी। एजीएम की सूचना में व्यवसाय संचालन के लिये कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी किया गया (सामूहिक रूप से 'एमसीए परिपत्र' के रूप में संदर्भित) कंपनी अधिनियम, 2013 के सभी लागू प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए नियमों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015, परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल 2020, 17/2020, दिनांक 13 अप्रैल 2020, परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांक 5 मई 2020 और परिपत्र संख्या 02/2021 दिनांक 13 जनवरी 2021 के साथ पठित, परिपत्र संख्या का अनुपालन के अनुसार। सदस्यों को वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने की सुविधा प्रदान की जाएगी।

एमसीए परिपत्रों और परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांक 12 मई 2020, और परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2021/11 दिनांक 15 जनवरी में सेबी द्वारा जारी 2021 (सामूहिक रूप से "परिपत्र" के रूप में संदर्भित), वार्षिक रिपोर्ट 2020–21 के साथ एजीएम की सूचना इलेक्ट्रानिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों को भेजी जाएगी जिनके ई–मेल पते कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट/डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं। नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट 2020–21 कंपनी की वेबसाइट **www.cebbco.com,** स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट यानी बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड पर क्रमशः **www.bseindia.com** और **www.nseindia.com** पर एवं केफिन टेक्नोलॉजीज़ की वेबसाइट **https://evoting.kfintech.com** पर भी उपलब्ध होगी।

तद्नुसार, कंपनी के जिन सदस्यों ने आज तक अपनी ई–मेल आईडी और मोबाइल नंबर पंजीकृत/अपडेट नहीं किए हैं, उनसे अनुरोध है कि डीमैट मोड में धारित शेयरों के मामले में या भौतिक रूप में शेयरों के मामले में अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (आर एंड टीए) अर्थात् केफिन टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड के साथ संचार कर इसे पंजीकृत/अपडेट करें। यूनिटः सीईईबीसीओ, सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट संख्या 31 और 32, फायनेन्शियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुड़ा, हैदराबाद – 500032, या लिंक **htttps://ris.kfiintech.com/email registration**/या कंपनी को **cs@cebbco.com** पर जाकर **31 अगस्त, 2021** तक ताकि कंपनी आगामी वार्षिक आम सभा की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट ईमेल के माध्यम से भेजने के लिए इसे पंजीकृत कर सके।
कंपनी ने, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के साथ पठित अधिनियम की धारा 108 के प्रावधानों के अनुसार केफिन टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड की सेवायें प्राप्त की है (नोटिस के इस भाग के लिये) इसके बाद 'नियम' कहा गया है) और सूचीबद्ध संस्थाओं द्वारा प्रदान की गई ई–वोटिंग सुविधा के संबंध में सेबी लिस्टिंग विनियमों के विनियम 44 और सेबी परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी/सीआईआर/पी/2020/242 दिनांक 9 दिसम्बर 2020 के संदर्भ में, सदस्यों को सूचना में दर्शाये बिंदुओं के अनुसार वोट देने के लिए केफिन द्वारा प्रदान की गई ई–वोटिंग सेवाओं के माध्यम से या ई–एजीएम में मतदान करने के लिए रिमोट ई–वोटिंग सुविधा प्रदान की जाती है।
वैकल्पिक रूप से, भौतिक मोड में प्रतिभूति रखने वाले सदस्य यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर 1800 309 4001 पर संपर्क कर सकते हैं या पंजीकृत ईमेल आईडी से evoting@kfintech.com पर ईमेल भेज सकते हैं।
सदस्यों से अनुरोध है कि वे एजीएम की सूचना में दिए गए सभी नोट्स और विशेष रूप से एजीएम में शामिल होने के निर्देश, रिमोट ई–वोटिंग और एजीएम के दौरान ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के तरीके को ध्यान से पढ़े।

**कामर्शियल इंजीनियर्स एंड बॉडी बिल्डर्स कं. लिमिटेड** हेतु
हस्ता/–
(दीपेश केडिया)
कंपनी सेक्रेटरी

स्थान - जबलपुर
दिनांक - 17.08.2021

## तालिबानी सत्ता से घटेगा मेवों का आयात

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में तालिबान ने फिर सत्ता अपने हाथ में ले ली है। इसका असर भारत और अफगानिस्तान के राजनयिक रिश्तों के साथ-साथ कारोबारी रिश्तों पर भी पड़ सकता है। भारत वहां से बड़ी मात्रा में सूखे मेवों का आयात करता है। यदि ऐसा हुआ तो इस दिवाली व अन्य त्योहारों के मौके पर मेवों की कटोरी पर असर हो सकता है। इनमें किशमिश, अखरोट, बादाम, अंजीर, चिलगोजा, पिस्ता व सूखी खुबानी आदि हैं। इसी तरह अनार, सेब, खुबानी, चेरी,तरबूज, हींग और केसर भी भारत में अफगानिस्तान से बड़े पैमाने पर आयात होता है। भारत के लिए अफगानिस्तान सूखे मेवे का एक बड़ा स्रोत है। गृहयुद्ध के दौरान भी अफगान में सूखे मेवे, बादाम या शहतूत की भरपूर पैदावार हुई है। तालिबान के उभार से अफगानिस्तान से सूखे मेव की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका पैदा हो गई है। सूखे मेवे के साथ ही अफगानिस्तान से भारी मात्रा में सफेद शहतूत का आयात किया जाता है। जानकारों का कहना है कि तालिबान के दौर में रिश्ते पहले जैसे नहीं रह जाएंगे। यानी दिवाली पर अफगानी मेवों की कमी आ सकती है।

**कैसे होता है आयातः** अफगान की कोई समुद्री सीमा नहीं है। यह पाकिस्तान होते हुए वाघा बॉर्डर के जरिए भारत को निर्यात करता है। साथ ही अब उसने ईरान के चाबहार बंदरगाह से भी निर्यात शुरू कर दिया है। हवाई मार्ग से भी सूखे मेवों की आपूर्ति की जाती है। अफगानिस्तान से भारत को होने वाले निर्यात में सूखे मेवों की अहम हिस्सेदारी है।

### यूपी सरकार जल्द से जल्द गन्ना भुगतान कराएगी

**सहारनपुर।** यूपी में गन्ना बकाया मुद्दा अहम बना हुआ है। गन्ना विभाग भुगतान के लिए प्रयास में जुटी हुई है। सहारनपुर जिले की 5 चीनी मिलों पर लगभग 390 करोड़ रुपए का बकाया है और भुगतान में देरी के लिए 29 करोड़ रुपये ब्याज बैठता है। दूसरी तरफ देवबंद स्थित त्रिवेणी चीनी मिल जिले की अकेली ऐसी चीनी मिल है जो गन्ना मूल्य का शत-प्रतिशत भुगतान कर चुकी है। जिले का गन्ना विभाग अन्य मिलों से भुगतान कराने को खुद का असमर्थ पा रहा है।

### सोना और चांदी की कीमतों पर दबाव

**इंदौर।** सोमवार को सोना-चांदी के भाव में मंदी का रुख देखा गया। कामेक्स एक्सचेंज पर सोना ऊंचे में 1784.70, नीचे में 1770.40 डॉलर एवं चांदी ऊंचे में 2387, नीचे में 2341 सेंट प्रति औंस पर देखी गई। **इदौर सराफा** में शनिवार की तुलना में सोना 100 रु गिरकर केश में 48400 आजटीजीएस में 48300 रु प्रति 10 ग्राम था। चांदी 500 रु घटकर केश में 64700, आरटीजीएस 65200 रु प्रति किलो थी। **रतलाम सराफा** आरटीजीएस सोना प्रति 10 ग्राम 48400, चांदी प्रति किलो 64500 रु थी। **उज्जैन सराफा** में सीमित मांग के बीच सोना 4550 रु प्रति 10 ग्राम चांदी 65100 रुपए के भाव थे। **दिल्ली सराफा** सोना घटकर 45960 रु प्रति 10 ग्राम, चांदी 61649 रु किलो थी।

**नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण**
कार्यालय कार्यपालन यंत्री, (वि./यां.) संभाग क्रमांक–2, बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.)
फोन नं. 0761–2880241

**वाहन की नीलामी की विज्ञप्ति वर्ष–2021–22 (सातवां आमंत्रण)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यपालन यंत्री, वि./यां. संभाग क्र. 2 बरगीनगर, जबलपुर के अन्तर्गत निम्न अपलेखित वाहनों/मशीनों जहां है जैसी है वैसी स्थिति में विक्रय ई–प्रोकोरमेन्ट साईट https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन e-AUCTION सूचना आमंत्रित की जाती है, जिसका विस्तृत विवरण इस प्रकार है–

| स. क्र. | e-AUCTION सूचना क्रमांक | ई–निविदा क्र. | वाहन क्रमांक | वाहन का प्रकार | मॉडल | अपलेखन मूल्य | अमानत की राशि | निविदा फार्म की कीमत | निरीक्षण स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | निविदा क्र. 78/तक. 2021–22 दिनांक 05.08.2021 | 2021-NVDA-154399-1 | सी.पी.जेड. 7864 | टाटा लिलेण्ड ट्रक | 1983 | रू. 1,00,980.00 | रू. 20,196.00 | रू. 1000.00 | वर्क शॉप बरगीनगर, जबलपुर |
| 2 | निविदा क्र. 79/तक. 2021–22 दिनांक 05.08.2021 | 2021-NVDA-154407-1 | सी.पी.जेड. 7685 | डॉज स्टाफ बस | 1973 | रू. 82,800.00 | रू. 16,560.00 | रू. 1000.00 | |
| 3 | निविदा क्र. 80/तक. 2021–22 दिनांक 05.08.2021 | 2021-NVDA-154414-1 | सी.पी.जेड. 7954 | डॉज स्टाफ बस | 1973 | रू. 82,800.00 | रू. 16,560.00 | रू. 1000.00 | |
| 4 | निविदा क्र. 81/तक. 2021–22 दिनांक 05.08.2021 | 2021-NVDA-154415-1 | सी.पी.जेड. 7671 | डॉज ट्रक | - | रू. 82,800.00 | रू. 16,560.00 | रू. 1000.00 | |
| 5 | निविदा क्र. 82/तक. 2021–22 दिनांक 05.08.2021 | 2021-NVDA-154417-1 | सी.पी.जेड. 5675 | मिनी बस | 1971 | रू. 72,000.00 | रू. 14,400.00 | रू. 1000.00 | वर्क शॉप बरगी हिल्स |
| 6 | निविदा क्र. 83/तक. 2021–22 दिनांक 05.08.2021 | 2021-NVDA-154418-1 | सी.पी.जेड. 8022 | डॉज वाटर टेंकर | 1974 | रू. 81,000.00 | रू. 16,200.00 | रू. 1000.00 | |
| 7 | निविदा क्र. 84/तक. 2021–22 दिनांक 05.08.2021 | 2021-NVDA-154420-1 | नं. 02 | वेगन ड्रील जे.सी.बी. टी. 260 | 1977 | रू. 45,000.00 | रू. 9,000.00 | रू. 1000.00 | वर्क शॉप बरगीनगर, जबलपुर |
| 8 | निविदा क्र. 85/तक. 2021–22 दिनांक 05.08.2021 | 2021-NVDA-154421-1 | नं. 03 | वेगन ड्रील जे.सी.बी. टी. 260 | 1977 | रू. 45,000.00 | रू. 9,000.00 | रू. 1000.00 | |
| 9 | निविदा क्र. 86/तक. 2021–22 दिनांक 05.08.2021 | 2021-NVDA-154422-1 | नं. 04 | वेगन ड्रील जे.सी.बी. टी. 260 | 1977 | रू. 45,000.00 | रू. 9,000.00 | रू. 1000.00 | |
| | | | | योग | | रू. 6,37,380.00 | | | |

निविदा की शर्तें–
1. उपरोक्त निविदा सह नीलामी में विज्ञापन दिनांक 31.08.2021 के सायं 05.30 बजे तक प्रत्येक निविदा प्रपत्र क्रय Online www.tenders.gov.in पर राशि (वापसी योग्य नहीं) जमा कर निविदा में भाग ले सकते है। नीलामी दिनांक 06.09.2021 को दोपहर 01.00 बजे से 3.00 बजे तक Online www.tenders.gov.in पर होगीं।
2. Online EMD Portal www.tenders.gov.in में जमा करनी होगीं।
3. कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास वि./यां. संभाग क्र. 2 बरगीनगर, जबलपुर वाहन नीलामी विक्रय के संबंध में निर्णय के समस्त अधिकारी सुरक्षित रहेंगे।
4. उच्चतम मूल्यांकन करने वाले निविदाकार की नीलामी स्वीकृति आदेश प्राप्त होने की 15 दिवस के अंदर कार्यालय में जमा कर वाहन उठाना अनिवार्य होगा। अन्यथा उसकी जमा अमानत राशि राजसात कर लीं जावेगी।

(प्रशांत नीखरा)
कार्यपालन यंत्री,
नर्मदा विकास वि./यां. संभाग क्रमांक–2,
बरगीनगर, जबलपुर

G-15703/21
जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं